**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2657**
**दिनांक 19.12.2023/ 28 अग्रहायण, 1945 (शक) को उत्तर के लिए**

**महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित मामले**

**†2657. श्री अभिषेक बनर्जी:**

**श्री रवि किशन:**

**श्री रविन्दर कुशवाहाः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) क्या विगत पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अंतर्गत महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों के लगभग एक करोड़ मामले दर्ज किए गए हैं और यदि हां, तो यौन उत्पीड़न और हमले से संबंधित अपराधों का प्रतिशत क्या है;**
**(ख)क्या सरकार के पास देश के विभिन्न राज्यों में महिलाओं के उत्पीड़न और बच्चों के प्रति अत्याचार से संबंधित मामलों का कोई तुलनात्मक आंकड़ा है;**
**(ग) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान ऐसे कुल कितने मामलों की सूचना मिली है और इस संबंध में राजस्थान और छत्तीसगढ़ सहित राज्य-वार क्या कार्रवाई की गई है;**
**(घ) क्या सरकार का इस संबंध में कोई विशेष नीति बनाकर ऐसे अपराधों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम उठाने का विचार है; और**
**(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसी नीति कब तक तैयार किए जाने की संभावना है?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री ( श्री अजय कुमार मिश्रा)**

(क) : राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित किये गये अपराधों पर सांख्यिकीय डेटा को संकलित करता है व उसे अपने प्रकाशन "क्राइम इन इंडिया" में प्रकाशित करता है। नवीनतम प्रकाशित रिपोर्ट वर्ष 2022 से संबंधित है। एनसीआरबी से प्राप्त डेटा में उल्लिखित आंकड़ा नहीं दिखाया गया है।

(ख) और (ग) : वर्ष 2018-2022 के दौरान महिलाओं के प्रति अपराध और बच्चों के प्रति अपराध के तहत दर्ज मामलों (सीआर), आरोपपत्रित मामलों (सीसीएस) और गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों (पीएआर) की संख्या का राजस्थान और छत्तीसगढ़ सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्रमशः अनुलग्नक-I और अनुलग्नक-II में दिया गया है।

(घ) और (ङ) : भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत 'पुलिस' और 'लोक व्यवस्था' राज्य के विषय हैं। महिलाओं और बच्चों सहित नागरिकों के प्रति अपराध की जांच और अभियोजन समेत कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने तथा नागरिकों के जानमाल की सुरक्षा की जिम्मेदारी संबंधित राज्य- सरकारों की होती है। राज्य सरकारें कानूनों के मौजूदा प्रावधानों के तहत ऐसे अपराधों से निपटने के लिए सक्षम हैं। तथापि, गृह मंत्रालय ने पूरे देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेक कदम उठाये है, जो नीचे दिये गये हैः

i. यौन अपराधों के प्रभावकारी निवारण के लिए दंड विधि (संशोधन) अधिनियम, 2013 अधिनियमित किया गया था। इसके अतिरिक्त, 12 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं के बलात्कार के लिए मृत्यु दंड सहित और अधिक कठोर दंडात्मक प्रावधान निर्धारित करने हेतु दंड विधि (संशोधन) अधिनियम, 2018 अधिनियमित किया गया था। इस अधिनियम में, अन्य बातों के साथ-साथ, बलात्कार के मामलों में 2 महिने के भीतर जांच पूरी किए जाने और आरोप पत्र दायर करने तथा विचारण को भी दो महीनों के अंदर पूरा करने का अधिदेश दिया गया है।

ii. "आपातकालीन कार्रवाई सहायता प्रणाली" में सभी आपात स्थितियों के लिए पूरे भारत में, एकल, अंतर्राष्ट्रीय मान्य् नम्बर (112) पर आधारित प्रणाली की व्यवस्था है, जिसमें कंप्यूटर की सहायता से क्षेत्रीय संसाधनों को संकट के स्थान पर पहुंचाया जाता है।

iii. स्मार्ट पुलिस व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधन में सहायता पहुंचाने के लिए प्रौद्यगिकी का उपयोग करते हुए, पहले चरण में 8 शहरों (अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ और मुम्बई) में सुरक्षित शहर परियोजनाएं मंजूर की गई हैं।

iv. गृह मंत्रालय ने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के क्षमता निर्माण जैसे कि साइबर फॉरेंसिक-सह-प्रशिक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना करने, जूनियर साइबर परामर्शदाताओं की नियुक्ति तथा विधि प्रवर्तन एजेंसियों के कार्मिकों, लोक अभियोजकों और न्यायिक अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए "महिलाओं और बच्चों के प्रति साइबर अपराध की रोकथाम (सीसीपीडब्यूसी) स्कीम" के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की है।

**लोक सभा अता.प्र.सं. 2657 दिनांक 19.12.2023**

v. गृह मंत्रालय ने विधि प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा पूरे देश में जांच करने और यौन अपराधियों का पता लगाने के कार्य को सुविधाजनक बनाने के लिए 20 सितम्बर, 2018 को "यौन अपराधियों संबंधी राष्ट्रीय डाटाबेस" (एनडीएसओ) शुरू किया है।

vi. गृह मंत्रालय ने दंड विधि (संशोधन) अधिनियम, 2018 के अनुसार यौन हमले से संबंधित मामलों की समयबद्ध जांच की निगरानी करने और उसे ट्रैक करने के कार्य को सुगम बनाने के लिए 19 फरवरी, 2019 को पुलिस हेतु "यौन अपराध जांच ट्रैकिंग प्रणाली" नामक एक ऑनलाइन विश्लेषणात्मक टूल लॉन्च किया है।

vii. जांच में सुधार करने के लिए, गृह मंत्रालय ने केंद्रीय और राज्य फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं में डीएनए विश्लेषण की इकाइयों को सशक्त बनाने हेतु कदम उठाए हैं। इसमें केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, चंडीगढ़ में डीएनए विश्लेषण की एक अत्याधुनिक इकाई स्थापित करना शामिल है। गृह मंत्रालय ने कमी के विश्लेषण और मांग के मूल्यांकन के बाद राज्य फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं में डीएनए विश्लेषण इकाइयों की स्थापना और उन्नयन को भी मंजूरी प्रदान की है।

viii. गृह मंत्रालय ने यौन हमले के मामलों में फॉरेंसिक साक्ष्य के संग्रहण और यौन हमले संबंधी साक्ष्य संग्रहण किट की मानक संरचना के लिए दिशानिर्देश अधिसूचित किए हैं। जनशक्ति में पर्याप्त क्षमता के सृजन की सुविधा प्रदान करने के लिए, जांच अधिकारियों, अभियोजन अधिकारियों तथा चिकित्सा अधिकारियों हेतु प्रशिक्षण एवं कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो ने प्रशिक्षण के भाग के तौर पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को ओरिएंटेशन किट के रूप में यौन हमला साक्ष्य संग्रहण की 18,020 किटें वितरित की हैं।

ix. गृह मंत्रालय ने पुलिस स्टेशनों में महिला सहायता डेस्कों और देश के सभी जिलों में मानव तस्करी-रोधी यूनिटों की स्थापना और सुदृढ़ीकरण के लिए दो परियोजनाएं भी मंजूर की हैं।

x. उपर्युक्त उपायों के अलावा, गृह मंत्रालय ने महिलाओं के प्रति अपराधों से निपटने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सहायता करने हेतु समय-समय पर एडवाइजरी जारी की हैं, जो www.mha.gov.in पर उपलब्ध हैं।

इसके अलावा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने लापता तथा पाए गए अथवा बरामद किए गए बच्चों के मामलों से निपटने में पुलिस**,** बाल कल्याण समितियों और किशोर न्याय बोर्ड की सहायता करने के लिए "लापता बच्चों के मामलों के संबंध में मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी)"जारी की है। इस एसओपी का उद्देश्य,लापता बच्चों के मामलों से निपटने के लिए दिशा-निर्देश तैयार करना और संबंधित स्टेकहोल्डरों के साथ समन्वय करके कार्य करना और लापता बच्चों के मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई करना है।

लापता बच्चों और जरूरतमंद बच्चों को संपर्क सेवाएं (आउटरीच सर्विस) प्रदान करने के उद्देश्य से, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एक चाइल्ड हेल्पलाइन नं. 1098 संचालित कर रहा है, जो 24/7 आधार पर ऑपरेशनल है। इसके अतिरिक्त, किसी भी जरूरतमंद बच्चे को सहायता प्रदान करने के लिए बड़े रेलवे प्लेटफर्मों पर "रेलवे चाइल्ड-लाइन्स" भी संचालित की जा रही है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने "ट्रैक चाइल्ड पोर्टल" भी शुरू किया है, जो लापता और पाए गए बच्चों की ट्रैकिंग की सुविधा प्रदान करता है। इसके तहत, पुलिस स्टेशनों, किशोर न्याय बोर्डों और बाल देखभाल संस्थाओं को लॉगिन प्रदान किए गए हैं**,** जिसमें उन्हें लापता और पाए गए बच्चों के बारे में जानकारी को नियमित रूप से पोर्टल पर अपडेट करना होता है। "ट्रैक चाइल्ड पोर्टल" का एक घटक खोया-पाया है, जहां कोई भी नागरिक अधिक समय गवाएं बिना लापता बच्चों के साथ-साथ उनकी निशानदेही की सूचना दे सकता है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय पूरे देश में वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) स्कीम को कार्यान्वित कर रहा है। वन स्टॉप सेंटर स्कीम का उद्देश्य निजी और सार्वजनिक दोनो स्थलों में हिंसा से प्रभावित महिलाओं को एक ही छत के नीचे एकीकृत समर्थन और सहायता प्रदान करना है तथा साथ ही, महिलाओं के प्रति किसी भी प्रकार की हिंसा से निपटने के लिए पुलिस, चिकित्सा, कानूनी सहायता और परामर्श, मनोवैज्ञानिक सहायता सहित कई सेवाओं की तत्काल, आपातकालीन और गैर-आपातकालीन सुलभता प्रदान करना है।

देशभर में हिंसा से प्रभावित महिलाओं को 'रेफरल सेवा' के माध्यम से तत्काल और 24 घंटे आपातकालीन और गैर-आपातकालीन सहायता उपलब्ध करने के उद्देश्य से "महिला हेल्पलाइन का सार्वभौमिकरण (डब्ल्यूएचएल) स्कीम" 1 अप्रैल, 2015 से कार्यान्वित की जा रही है। इस स्कीम के तहत, सहायता और जानकारी मांगने वाली महिलाओं को शॉर्ट कोड 181 के माध्यम से 24 घंटे की टोल-फ्री दूरसंचार सेवा प्रदान की जाती है। 35 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में महिला हेल्पलाइन चल रही है।

**********

लोक सभा अता .सं .प्र .2657 दिनांक 19.12.2023

अनुलग्नक-I

**वर्ष 2018-2022 के दौरान महिलाओं के प्रति अपराध के तहत दर्ज मामलों (सीआर), आरोपपत्रित मामलों (सीसीएस) और गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों (पीएआर) का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2018 | | | 2019 | | | 2020 | | | 2021 | | | 2022 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सीआर | सीसीएस | पीएआर | सीआर | सीसीएस | पीएआर | सीआर | सीसीएस | पीएआर | सीआर | सीसीएस | पीएआर | सीआर | सीसीएस | पीएआर |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 16438 | 15419 | 22583 | 17746 | 14797 | 21333 | 17089 | 13106 | 18976 | 17752 | 16084 | 19085 | 25503 | 24456 | 30846 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 368 | 221 | 335 | 317 | 164 | 301 | 281 | 227 | 312 | 366 | 298 | 370 | 335 | 268 | 319 |
| 3 | असम | 27687 | 16985 | 30094 | 30025 | 16880 | 44232 | 26352 | 16314 | 33537 | 29046 | 17545 | 34923 | 14148 | 12108 | 19789 |
| 4 | बिहार | 16920 | 11111 | 18143 | 18587 | 10859 | 20604 | 15359 | 9787 | 13015 | 17950 | 12376 | 15685 | 20222 | 16246 | 21320 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 8587 | 6919 | 9914 | 7689 | 6362 | 9272 | 7385 | 6288 | 9380 | 7344 | 6699 | 9950 | 8693 | 7258 | 10567 |
| 6 | गोवा | 362 | 327 | 308 | 329 | 270 | 302 | 219 | 176 | 227 | 224 | 178 | 186 | 273 | 207 | 192 |
| 7 | गुजरात | 8329 | 7819 | 15068 | 8799 | 8103 | 17056 | 8028 | 7522 | 14339 | 7348 | 6868 | 13506 | 7731 | 6757 | 12188 |
| 8 | हरियाणा | 14326 | 7854 | 12256 | 14683 | 8263 | 12727 | 13000 | 7662 | 11480 | 16658 | 9057 | 13434 | 16743 | 9347 | 13682 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 1633 | 1197 | 1708 | 1636 | 1245 | 1654 | 1614 | 1261 | 1547 | 1599 | 1280 | 1409 | 1551 | 1171 | 1003 |
| 10 | झारखंड | 7083 | 4760 | 6687 | 8760 | 5326 | 7473 | 7630 | 5704 | 7600 | 8110 | 5779 | 7300 | 7678 | 6598 | 8296 |
| 11 | कर्नाटक | 13514 | 12141 | 22136 | 13828 | 10855 | 23990 | 12680 | 10354 | 21662 | 14468 | 13033 | 26167 | 17813 | 13612 | 27753 |
| 12 | केरल | 10461 | 9233 | 12380 | 11462 | 9958 | 13682 | 10139 | 9497 | 11295 | 13539 | 13417 | 16110 | 15213 | 15782 | 16325 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 28942 | 25315 | 33210 | 27560 | 22661 | 31650 | 25640 | 22141 | 28878 | 30673 | 26092 | 26808 | 32765 | 26512 | 24709 |
| 14 | महाराष्ट्र | 35497 | 25393 | 43375 | 37144 | 28234 | 43549 | 31954 | 27104 | 38675 | 39526 | 31885 | 44363 | 45331 | 33821 | 40934 |
| 15 | मणिपुर | 271 | 112 | 282 | 266 | 139 | 256 | 247 | 110 | 228 | 302 | 125 | 294 | 248 | 121 | 183 |
| 16 | मेघालय | 571 | 296 | 496 | 558 | 586 | 851 | 568 | 377 | 524 | 685 | 542 | 682 | 690 | 525 | 410 |
| 17 | मिजोरम | 249 | 270 | 306 | 170 | 162 | 181 | 172 | 167 | 180 | 176 | 169 | 179 | 147 | 145 | 155 |
| 18 | नागालैंड# | 75 | 42 | 64 | 43 | 36 | 59 | 39 | 25 | 51 | 54 | 41 | 68 | 49 | 47 | 58 |
| 19 | ओडिशा | 20274 | 16149 | 14844 | 23183 | 17675 | 13359 | 25489 | 22729 | 13737 | 31352 | 25193 | 16246 | 23648 | 18772 | 9240 |
| 20 | पंजाब | 5302 | 3210 | 5599 | 5886 | 3743 | 6475 | 4838 | 3518 | 5940 | 5662 | 3742 | 6543 | 5572 | 3905 | 6399 |
| 21 | राजस्थान | 27866 | 15112 | 18130 | 41550 | 21818 | 26905 | 34535 | 18311 | 23296 | 40738 | 22532 | 28698 | 45058 | 24578 | 29938 |
| 22 | सिक्किम | 172 | 147 | 188 | 125 | 110 | 133 | 140 | 106 | 145 | 130 | 118 | 137 | 179 | 138 | 161 |
| 23 | तमिलनाडु | 5822 | 4646 | 8671 | 5934 | 4350 | 8667 | 6630 | 4838 | 9183 | 8501 | 5642 | 12653 | 9207 | 7882 | 14040 |
| 24 | तेलंगाना | 16027 | 12916 | 13568 | 18394 | 16057 | 15303 | 17791 | 17124 | 15007 | 20865 | 19437 | 13905 | 22066 | 20963 | 16139 |
| 25 | त्रिपुरा | 907 | 708 | 827 | 1070 | 864 | 818 | 874 | 794 | 689 | 807 | 813 | 576 | 752 | 680 | 537 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 59445 | 40045 | 80137 | 59853 | 44182 | 83582 | 49385 | 41109 | 79875 | 56083 | 42727 | 93392 | 65743 | 50616 | 101754 |
| 27 | उत्तराखंड | 2817 | 1847 | 2176 | 2541 | 1758 | 2115 | 2846 | 2037 | 2090 | 3431 | 2548 | 2627 | 4337 | 2995 | 2688 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 30394 | 29092 | 21867 | 29859 | 27825 | 22973 | 36439 | 31354 | 20284 | 35884 | 34565 | 23510 | 34738 | 33729 | 23705 |
| | **कुल (राज्य)** | **360339** | **269286** | **395352** | **387997** | **283282** | **429502** | **357363** | **279742** | **382152** | **409273** | **318785** | **428806** | **426433** | **339239** | **433330** |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 147 | 163 | 166 | 135 | 120 | 136 | 143 | 149 | 141 | 169 | 167 | 182 | 178 | 168 | 167 |
| 30 | चंडीगढ़ | 442 | 247 | 386 | 515 | 221 | 411 | 301 | 197 | 257 | 343 | 177 | 236 | 325 | 202 | 314 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव + | 54 | 53 | 79 | 82 | 77 | 120 | 61 | 57 | 79 | 99 | 71 | 103 | 126 | 93 | 152 |
| 32 | दिल्ली | 13640 | 11635 | 14247 | 13395 | 9590 | 13816 | 10093 | 9028 | 11213 | 14277 | 9538 | 14238 | 14247 | 8595 | 15112 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर * | 3437 | 2223 | 4553 | 3069 | 2168 | 4478 | 3405 | 2003 | 4548 | 3937 | 3147 | 7109 | 3716 | 2705 | 6309 |
| 34 | लद्दाख | - | - | - | - | - | - | 9 | 9 | 9 | 18 | 12 | 23 | 15 | 15 | 17 |
| 35 | लक्षद्वीप | 11 | 7 | 10 | 38 | 14 | 36 | 15 | 8 | 17 | 9 | 24 | 26 | 16 | 13 | 12 |
| 36 | पुदुचेरी | 166 | 125 | 76 | 95 | 107 | 143 | 113 | 110 | 204 | 153 | 162 | 329 | 200 | 153 | 332 |
| | **कुल (संघ राज्य क्षेत्र)** | **17897** | **14453** | **19517** | **17329** | **12297** | **19140** | **14140** | **11561** | **16468** | **19005** | **13298** | **22246** | **18823** | **11944** | **22415** |
| | **कुल (अखिल भारत)** | **378236** | **283739** | **414869** | **405326** | **295579** | **448642** | **371503** | **291303** | **398620** | **428278** | **332083** | **451052** | **445256** | **351183** | **455745** |

क्राइम इन इंडिया

नोट: '+' वर्ष 2018 और 2019 के लिए पूर्ववर्ती दादरा और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र तथा दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र के संयुक्त आंकड़े

'*' वर्ष 2018 और 2019 के लिए लद्दाख सहित पूर्ववर्ती जम्मू और कश्मीर राज्य के आंकड़े।

'#' वर्ष 2022 के लिए नागालैंड से स्पष्टीकरण लंबित हैं।

**लोक सभा अता .सं .प्र .2657 दिनांक 19.12.2023**

**अनुलग्नक-II**

**वर्ष 2018-2022 के दौरान बच्चों के प्रति अपराध के तहत दर्ज मामलों (सीआर), आरोपपत्रित मामलों (सीसीएस) और गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों (पीएआर) का राज्य वार-संघ राज्य क्षेत्र/ब्यौरा**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2018 | | | 2019 | | | 2020 | | | 2021 | | | 2022 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सीआर | सीसीएस | पीएआर | सीआर | सीसीएस | पीएआर | सीआर | सीसीएस | पीएआर | सीआर | सीसीएस | पीएआर | सीआर | सीसीएस | पीएआर |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 2672 | 2082 | 2941 | 2524 | 1690 | 2894 | 2648 | 2103 | 2924 | 2669 | 2637 | 3197 | 3308 | 2895 | 4071 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 166 | 82 | 112 | 153 | 74 | 128 | 113 | 71 | 106 | 162 | 110 | 134 | 143 | 116 | 163 |
| 3 | असम | 5447 | 3334 | 5851 | 6608 | 3710 | 5462 | 4622 | 2863 | 5973 | 5282 | 3115 | 7055 | 4084 | 3336 | 5454 |
| 4 | बिहार | 7340 | 3516 | 6279 | 9320 | 4722 | 9113 | 6591 | 3850 | 4759 | 6894 | 5009 | 5598 | 8122 | 5390 | 6714 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 6924 | 4932 | 6553 | 5665 | 3879 | 4856 | 5056 | 3550 | 4658 | 6001 | 4169 | 5214 | 6177 | 4252 | 5190 |
| 6 | गोवा | 182 | 136 | 126 | 167 | 124 | 126 | 125 | 86 | 105 | 151 | 105 | 101 | 184 | 132 | 148 |
| 7 | गुजरात | 4929 | 3731 | 4945 | 4685 | 3426 | 4590 | 4075 | 3288 | 4403 | 4515 | 3587 | 4578 | 4964 | 3691 | 4636 |
| 8 | हरियाणा | 4869 | 2435 | 3309 | 5119 | 2283 | 3037 | 4338 | 2146 | 2822 | 5700 | 2418 | 3333 | 6138 | 2427 | 3381 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 772 | 431 | 548 | 748 | 382 | 490 | 636 | 357 | 503 | 740 | 406 | 538 | 740 | 374 | 414 |
| 10 | झारखंड | 1479 | 978 | 1435 | 1674 | 1139 | 1379 | 1795 | 1171 | 1542 | 1867 | 1353 | 1588 | 1917 | 1710 | 1939 |
| 11 | कर्नाटक | 6131 | 3754 | 4632 | 6305 | 3227 | 3947 | 5471 | 3447 | 4295 | 7261 | 4673 | 6275 | 7988 | 4430 | 5925 |
| 12 | केरल | 4253 | 3436 | 4719 | 4754 | 3808 | 5611 | 3941 | 4030 | 5031 | 4536 | 4985 | 5885 | 5640 | 5856 | 6279 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 18992 | 13633 | 16452 | 19028 | 11576 | 14317 | 17008 | 11601 | 14311 | 19173 | 11896 | 12199 | 20415 | 12309 | 12163 |
| 14 | महाराष्ट्र | 18892 | 8127 | 13211 | 19592 | 9277 | 13606 | 14371 | 8451 | 11466 | 17261 | 9438 | 12786 | 20762 | 9627 | 13428 |
| 15 | मणिपुर | 128 | 57 | 121 | 148 | 85 | 139 | 125 | 73 | 115 | 143 | 88 | 148 | 120 | 78 | 92 |
| 16 | मेघालय | 385 | 223 | 322 | 379 | 379 | 490 | 415 | 285 | 390 | 481 | 395 | 482 | 496 | 386 | 324 |
| 17 | मिजोरम | 198 | 221 | 242 | 125 | 117 | 140 | 142 | 127 | 145 | 122 | 111 | 123 | 135 | 131 | 138 |
| 18 | नागालैंड# | 70 | 37 | 53 | 59 | 35 | 48 | 31 | 26 | 39 | 51 | 37 | 66 | 35 | 36 | 42 |
| 19 | ओडिशा | 5217 | 2721 | 3014 | 7012 | 2787 | 3255 | 6330 | 3226 | 3633 | 7899 | 4073 | 4187 | 8240 | 3672 | 3134 |
| 20 | पंजाब | 2308 | 1362 | 2021 | 2625 | 1523 | 2307 | 2121 | 1579 | 2003 | 2556 | 1537 | 2183 | 2494 | 1616 | 2262 |
| 21 | राजस्थान | 5150 | 2969 | 3900 | 7385 | 4137 | 5411 | 6580 | 3606 | 4714 | 7653 | 4384 | 5812 | 9370 | 5118 | 6683 |
| 22 | सिक्किम | 221 | 137 | 179 | 163 | 103 | 124 | 147 | 103 | 135 | 149 | 113 | 134 | 159 | 106 | 127 |
| 23 | तमिलनाडु | 4155 | 3410 | 5586 | 4139 | 3026 | 5189 | 4338 | 3184 | 5341 | 6064 | 4153 | 7680 | 6580 | 5891 | 8889 |
| 24 | तेलंगाना | 3747 | 2307 | 3480 | 4212 | 3026 | 3559 | 4200 | 3268 | 4149 | 5667 | 4413 | 4481 | 5657 | 5095 | 5215 |
| 25 | त्रिपुरा | 271 | 237 | 316 | 311 | 252 | 312 | 260 | 217 | 308 | 236 | 243 | 283 | 220 | 185 | 249 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 19936 | 13496 | 22446 | 18943 | 13725 | 21219 | 15271 | 12105 | 18947 | 16838 | 12654 | 19492 | 18682 | 13047 | 20705 |
| 27 | उत्तराखंड | 1306 | 577 | 716 | 1214 | 783 | 958 | 1066 | 740 | 868 | 1245 | 1026 | 1213 | 1706 | 1158 | 1321 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 6286 | 5904 | 6357 | 6191 | 6033 | 6327 | 10248 | 6662 | 6680 | 9523 | 7870 | 7367 | 8950 | 7472 | 8385 |
| | **कुल (राज्य)** | **132426** | **84265** | **119866** | **139248** | **85328** | **119034** | **122064** | **82215** | **110365** | **140839** | **94998** | **122132** | **153426** | **100536** | **127471** |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 162 | 145 | 177 | 153 | 121 | 139 | 141 | 147 | 138 | 124 | 118 | 127 | 146 | 133 | 130 |
| 30 | चंडीगढ़ | 288 | 111 | 166 | 264 | 98 | 140 | 209 | 98 | 109 | 234 | 78 | 98 | 224 | 92 | 128 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव + | 72 | 41 | 47 | 96 | 63 | 83 | 67 | 56 | 71 | 104 | 55 | 73 | 107 | 69 | 79 |
| 32 | दिल्ली | 8246 | 2941 | 4311 | 7783 | 2386 | 3602 | 5362 | 2284 | 3058 | 7118 | 2304 | 3251 | 7468 | 2155 | 2999 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर * | 473 | 236 | 342 | 470 | 223 | 328 | 606 | 313 | 466 | 845 | 457 | 622 | 920 | 456 | 673 |
| 34 | लद्दाख | - | - | - | - | - | - | 2 | 0 | 0 | 1 | 2 | 2 | 8 | 6 | 8 |
| 35 | लक्षद्वीप | 8 | 7 | 8 | 26 | 11 | 28 | 9 | 6 | 11 | 17 | 19 | 32 | 11 | 14 | 11 |
| 36 | पुदुचेरी | 89 | 78 | 51 | 50 | 51 | 76 | 71 | 66 | 162 | 122 | 107 | 191 | 139 | 96 | 167 |
| | **कुल (संघ राज्य क्षेत्र)** | **9338** | **3559** | **5102** | **8842** | **2953** | **4396** | **6467** | **2970** | **4015** | **8565** | **3140** | **4396** | **9023** | **3021** | **4195** |
| | **कुल (अखिल भारत)** | **141764** | **87824** | **124968** | **148090** | **88281** | **123430** | **128531** | **85185** | **114380** | **149404** | **98138** | **126528** | **162449** | **103557** | **131666** |

क्राइम इन इंडिया

नोट: '+' वर्ष 2018 और 2019 के लिए पूर्ववर्ती दादरा और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र तथा दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र के संयुक्त आंकड़े

'*' वर्ष 2018 और 2019 के लिए लद्दाख सहित पूर्ववर्ती जम्मू और कश्मीर राज्य के आंकड़े।

'#' वर्ष 2022 के लिए नागालैंड से स्पष्टीकरण लंबित हैं।